

राजधानी में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई। कई लोगों ने भींगते हुए मौसम का लुत्फ उठाया।

# सार्थक प्रश्नों से ही सरकार से सटीक जवाब मिलेंगे: तोमर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधानसभा में पूछे जाने वाले प्रश्न जितने स्पष्ट, संक्षिप्त और तथ्यपरक होंगे, सरकार के जवाब भी उतने ही सटीक और प्रभावी होंगे। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसे किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं किया जाना चाहिए और विधायकों को इसका गंभीरता से उपयोग करना चाहिए।



पश्चिम बंगाल विधानसभा में आयोजित नए विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम में 'सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए संसदीय प्रश्न एवं अन्य संसदीय उपकरणों की महत्ता' विषय पर संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि विधायक यदि स्वयं अध्ययन कर प्रश्न तैयार करें तो वे उसकी मूल भावना को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूरक प्रश्न सीधे और विषय से जुड़े होने चाहिए। यदि प्रश्न भटकता है तो सरकार का उत्तर भी स्पष्ट नहीं मिल पाता। प्रश्नकाल विधायक की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा होता है, इसलिए इसकी तैयारी पूरी गंभीरता से की जानी चाहिए।

उन्होंने विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करने की सलाह देते हुए कहा कि जनता की वास्तविक समस्याओं को समझकर ही प्रभावी प्रश्न तैयार किए जा सकते हैं झ साथ ही उन्होंने ध्यानाकर्षण और काम रोको प्रस्ताव जैसे संसदीय उपकरणों का भी जनहित के मुद्दों पर सार्थक उपयोग करने पर जोर दिया।

तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार को अधिकार जनता देती है, इसलिए उसकी जवाबदेही भी जनता के प्रति होती है। विधानसभा केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि सरकार को उत्तरदायी बनाने वाली महत्वपूर्ण संस्था है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की महान विभूतियों ने राष्ट्र निर्माण और जनसेवा की जो परंपरा स्थापित की है, वह जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी तथा विधानसभा एवं लोकसभा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## व्यापार बोर्ड की बैठक में मप्र ने रखा निर्यात और औद्योगिक विकास का रोडमैप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने नई दिल्ली में आयोजित बोर्ड ऑफ ट्रेड की बैठक में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य की निर्यात क्षमता, औद्योगिक विकास और निवेश संभावनाओं को प्रमुखता से रखा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न राज्यों के मंत्री, उद्योगपति, निर्यातक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।




मंत्री काश्यप ने कहा कि वर्ष 2030-31 तक भारत के दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य की प्राप्ति में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्यात नीति, जिला निर्यात कार्य योजनाएं, जिला निर्यात संवर्धन परिषद और 'एक जिला-एक उत्पाद' जैसी पहलों से प्रदेश में मजबूत निर्यात तंत्र विकसित किया गया है। टेक्सटाइल, फार्मा और इंजीनियरिंग क्षेत्र निर्यात वृद्धि के प्रमुख आधार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देश का पहला पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है, जहां 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते हो चुके हैं।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज से प्रदेश दौरे पर

**नप्र, भोपालः** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 4 और 5 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला मध्यप्रदेश दौरा होगा। दौरे के दौरान वे इंदौर में आयोजित बीएलओ सम्मेलन में शामिल होकर बूथ लेवल अधिकारियों से सीधा संवाद करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 4 जुलाई को इंदौर के लता मंगेशकर सभागार में आयोजित सम्मेलन में इंदौर, उ'जैन, देवास, धार और खंडवा जिले के 1,500 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) भाग लेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त चुनावी प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों के अनुभव जानेंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी उन्होंने दिल्ली में बीएलओ और चुनावी अधिकारियों से सीधे संवाद की पहल की थी। इंदौर में सम्मेलन के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओंकारेश्वर और महेश्वर का भ्रमण करेंगे। वे ओंकारेश्वर में दर्शन और नर्मदा पूजन करेंगे तथा ऐतिहासिक महेश्वर किले का भी अवलोकन करेंगे। दो दिवसीय प्रवास के बाद वे इंदौर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। निर्वाचन आयोग के इस दौरे को चुनावी व्यवस्था को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : पल्लवी पांडे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कजलीखेड़ा थाना प्रभारी श्रीमती पल्लवी पांडे एवं उनकी टीम ने कुशाभाऊ ठाकरे नर्सिंग कॉलेज एवं अस्पताल में साइबर अपराध जागरूकता सेमिनार आयोजित किया।

उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी मुख्य रूप से डर, लालच, जानकारी की कमी और भावनाओं का फायदा उठाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं।

उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें तथा एपीके लिंक को कभी डाउनलोड या स्वीकार न करें। उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी फोन पर गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें। कार्यक्रम में संस्थान के सीईओ संजय दुबे, अस्पताल एवं कॉलेज का स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 15 तक 70 सांदीपनि विद्यालयों का होगा लोकार्पण इसे बनाया जाए जनभागीदारी का उत्सव : डॉ. यादव

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में तैयार हो चुके 70 सांदीपनि विद्यालयों के लोकार्पण को शिक्षा, संस्कृति और जनभागीदारी का उत्सव बनाने के निर्देश दिए हैं।



शुक्रवार को मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों का उद्घाटन केवल औपचारिक कार्यक्रम न होकर विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता वाला आनंदोत्सव होना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों का लोकार्पण 15 जुलाई तक कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्कूल चलें अभियान' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों के सांस्कृतिक आयोजन, प्रतियोगिताएं, रचनात्मक गतिविधियां तथा सभी विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार और मिष्ठान्न की व्यवस्था की जाए, ताकि यह अवसर बच्चों के लिए यादगार बन सके। उन्होंने गुरु सांदीपनि के जीवन और आदर्शों पर आधारित एक पॉकेट बुक प्रकाशित कर विद्यार्थियों में वितरित करने के निर्देश भी दिए। उनका कहना था कि गुरु सांदीपनि ने सामाजिक समरसता और समान शिक्षा का संदेश दिया, जिससे विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा मिलेगी।

बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि प्रदेश में 46 स्कूल शिक्षा विभाग और 24 जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों सहित कुल 70 सांदीपनि विद्यालय तैयार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनका लोकार्पण जिलों के प्रभारी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाए। साथ ही गुरु पूर्णिमा पर प्रत्येक जिले के एक सांदीपनि विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनमें विज्ञान प्रदर्शनी, गुरु सम्मान, विद्यार्थियों और शिक्षकों के नवाचारों का प्रदर्शन, डिजिटल एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रस्तुतियां तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाए।

## सांसद के साथ सिंधी पंचायत प्रतिनिधि मंडल रेल मंत्री से मिलेगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, संतनगर ने 9 ट्रेनों के स्टापेज की मांग को लेकर सांसद आलोक शर्मा और विधायक रामेश्वर शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। सांसद ने आश्वस्त किया है कि वे जल्द ही पंचायत के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली में रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे।



पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, संयोजक कन्हैयालाल इसरानी एवं रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के केन्द्रीय सदस्य नितेश लाल ने बताया कि ये ट्रेनें अक्सर भोपाल मुख्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म खाली न होने के कारण यहाँ अघोषित रूप से रुकती हैं। चूंकि इनका घोषित स्टापेज नहीं है, इसलिए यात्रियों को भोपाल जाने पर मजबूर होना पड़ता है। यहाँ ठहराव मिलने से आम जनता को बड़ी सहूलियत होगी। सांसद शर्मा ने कहा कि संत हिरदाराम नगर से वाया उज्जैन, रतलाम, बड़ोदा व सूरत होते हुए मुंबई के लिए जल्द ही नई ट्रेन की सौगात मिलेगी।

पूर्व में इस ट्रेन को निशातपुरा स्टेशन से चलाने का विचार था, लेकिन निशातपुरा केवल आस-पास के एक-दो किलोमीटर के दायरे के लिए ही सुगम है। इसके विपरीत, संत हिरदाराम नगर स्टेशन भोपाल-इंदौर राजमार्ग से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। यह नए-पुराने भोपाल, होशंगाबाद रोड और सीहोर रोड के यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक है। वर्तमान में जबलपुर-बांद्रा को छोड़कर पश्चिम के रास्ते मुंबई के लिए यहाँ से कोई ट्रेन नहीं है। चूंकि इस उपनगर में कपड़ा और बर्तनों का बड़ा थोक बाजार है और अधिकांश कपड़ा मुंबई से आता है, इसलिए इस ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

## जंगली सुअर के लिए बिछाए करंट वाले तार ने ली बाघ की जान

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** सतना जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र में बाघ की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब दो महीने पहले जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए करंट वाले तार की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई थी।

घटना को छिपाने के लिए आरोपियों ने बाघ के शव को जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया, लेकिन मुखबिर की सूचना के बाद वन विभाग ने मामले का खुलासा कर दिया। वन विभाग के अनुसार, पांच-छह दिन पहले सूचना मिली थी कि मझगवां क्षेत्र में बाघ का शिकार कर उसके शव को ठिकाने लगा दिया गया है। सूचना की पुष्टि के बाद 2 जुलाई को डॉग स्क्वॉड, उड़नदस्ता दल और वन विभाग की टीम ने पूरे क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि लगातार बारिश और घने लैंटाना जंगल के कारण पहले दिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी दौरान मुखबिर ने मामले में वन विभाग के एक स्थानीय चौकीदार की संलिप्तता की जानकारी दी। इसके बाद 3 जुलाई को दो चौकीदारों से पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि करीब दो महीने पहले जंगली सुअर के शिकार के लिए बिजली का तार बिछाया गया था, जिसकी चपेट में आने से बाघ की मौत हो गई। घटना के बाद शव को जंगल के भीतर गड्ढा खोदकर दफना दिया गया ताकि मामला सामने न आए।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी SAROJ SEN (सरोज सेन) के आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम त्रुटीवश SARITA (सरिता) दर्ज हो गया है, जबकी प्रार्थी के Registry, Bank Passbook आदि दस्तावेजों में प्रार्थी का सही नाम SAROJ SEN दर्ज है, उक्त दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं। प्रार्थी के आधार कार्ड में SARITA (सरिता) के स्थान पर सही नाम SAROJ SEN (सरिता सेन) दर्ज किया जावे एवं भविष्य में प्रार्थी को SAROJ SEN (सरोज सेन) के नाम से ही पढा लिखा, जाना-पहचाना जावे समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम:-SARITA(सरिता)**
**नया नाम : SAROJ SEN (सरोज सेन)**
**पता - म.न. 443, वार्ड क्र. 09, प्रेम नगर, मण्डीदीप, जिला रायसेन, म.प्र., 462046**

800

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुरेश उइके आत्मज श्री रामभाउ उइके, आयु 42 वर्ष, निवासी-म.नं. 101/1, ग्राम भायली, तहसील सतवास, भायली, देवास, जिनवानी म.प्र. पिन-455440 मेरे पुत्र के आधार कार्ड नंबर-9446 0317 6348 में उसका नाम जोगिन्दर उइके अंकित हो गया है, जो कि गलत है, जब कि मेरे पुत्र का सही नाम योगेन्द्र उइके (YOGENDRA UIKEY) है, जो कि उसके कक्षा 10वीं की मार्कसीट, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी में अंकित है, जो कि सही है। यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम सुधार करते हुए (जोगिन्दर उइके) के स्थान पर सही नाम योगेन्द्र उइके (YOGENDRA UIKEY) लेख किया जाये। जिसका मैंने शपथ पत्र भी बनवा लिया है। अत: आज से मेरे पुत्र को सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं की लिखा पढ़ी एवं बोलचाल में मेरे पुत्र को योगेन्द्र उइके (YOGENDRA UIKEY) के नाम से जाना जाये।

**सुरेश उइके आत्मज श्री रामभाउ उइके, निवासी-म.नं.-101/1, ग्राम भायली, तहसील सतवास, भायली, देवास, जिनवानी म.प्र.**

799


## भारत भवन में 'गायन पर्व' का आगाज

**नप्र, भोपालः** भारत भवन में शुक्रवार से तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह 'गायन पर्व' का शुभारंभ हुआ। 5 जुलाई तक चलने वाले इस आयोजन के पहले दिन शास्त्रीय गायिका स्वाति तिवारी और पद्मश्री अश्विनी भिड़े देशपांडे ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतरंग सभागार में बड़ी संख्या में कला और संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।



समारोह की शुरुआत स्वाति तिवारी ने राग झिंझोटी की विलंबित एकताल में निबद्ध बंदिश 'सँवारो मन भयो' से की। इसके बाद उन्होंने द्रुत तीनताल में 'सबगुन बिचारो रे' प्रस्तुत कर अपनी सधी हुई लयकारी और तानों की उत्कृष्टता का परिचय दिया। उन्होंने राग काफी में पारंपरिक टप्पा 'माधव मुकुंद मुरारी' और द्रुत तराना प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। तबले पर रामेन्द्र सोलंकी और हारमोनियम पर ललित सिसोदिया ने प्रभावी संगत दी। दूसरे सत्र में पद्मश्री अश्विनी भिड़े देशपांडे ने राग मियां मल्हार की मनमोहक प्रस्तुति देकर बारिश के मौसम की भावभूमि को सुरों में साकार किया। उन्होंने विलंबित तीनताल में पारंपरिक बंदिशों के साथ द्रुत लय में 'बोलो रे पपीहरा' प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।


## खंड-1
## ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### मध्यप्रदेश शासन
### कार्यालय -उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडलाधिकारी जिला-बैतूल, मध्यप्रदेश
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/3750/ई-टेंडरिंग/2026-27/ दिनांक 29.06.2026

वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Galvanized steel Barbed Wire | **Line Wire** - Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter. **Point Wire**- Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter. **Barbs**-Distance between two barbs 75mm, the barbs shall have four points and shall be formed by twisting two point wires each two turns tightly around both the line wires making altogether four complete turns. **Standard**- Conforming to IS 278:2009 with up to date amendments. | 10000 Kg | 31,000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03/07/2026 शाम 05.00 PM बजे से निविदा' जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।:
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही ।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

**वनमंडलाधिकारी,**
**उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल**

**जी-15183/26**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003

**web site: www.mppwd.gov.in** **email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in**

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा क्रमांक 49 से 55/2026-27** **भोपाल, दिनांक 29/06/2026**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्रं. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | ठेके की अनु.राशि ( रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_ 518403_ 1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR/ SR/MOW/OW in various D type and E type Bungalows in 74 Bungalow under 74 Bungalows section of PWD (E&M) Sub Division M 1, Bhopal | प्रथम | 44.70 |
| 2 | 2026_PWDRB_ 518404_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/ SR/DEPOSIT/MOW/OW IN AUDITORIUM MANDU BUILDING IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.50 |
| 3 | 2026_PWDRB_ 518405_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/ SR/ DEPOSIT/MOW/OW IN KANHA GUEST , HOUSE SHIPRA GUEST HOUSE AND SUBSTATION IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.60 |
| 4 | 2026_PWDRB_ 518406_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/ SR/DEPOSIT/MOW/OW IN LAL KOHTI (GOVERNOR HOUSE) AND JAWAHARKHAND IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.80 |
| 5 | 2026_PWDRB_ 518407_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/ SR/DEPOSIT/MOW/OW IN VARIOUS STAFF QUARTERS IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.442 |
| 6 | 2026_PWDRB_ 518408_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/ SR/DEPOSIT/MOW/OW IN FIRST FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.484 |
| 7 | 2026_PWDRB_ 518410_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR /SR/DEPOSIT/MOW/OW IN THIRD FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.50 |

उपरोक्त बेब साईट से आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपन्न (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 17/07/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो.नि.वि. (वि./यां)संभाग क्र. 1, भोपाल**

**जी-15145/26**